कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-04.01.2025

विषयः- प्रतिबन्धित चाइनीज मांझा बेंचने वाले 01 नफ़र अभियुक्त कृष्णानन्द गुप्ता को थाना कैण्ट पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया, कुल 06.300 कि0ग्रा0 प्रतिबन्धित चाईनीज मांझा बरामद।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराध/अपराधियों की रोकथाम व वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के नेतृत्व में थाना कैण्ट पुलिस टीम द्वारा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अवैध तरीके से अपनी दुकान मे प्रतिबंधित चाइनीज मंझा रखकर बेंच रहे अभियुक्त कृष्णानन्द गुप्ता पुत्र रामप्यारे गुप्ता निवासी एस 15/19 घौसाबाद नदेसर जनपद वाराणसी को दिनांक-03.01.2025 को समय करीब 21.20 बजे घौसाबाद नदेसर थाना कैण्ट वाराणसी से कुल 06.300 कि0ग्रा0 प्रतिबन्धित चाईनीज मांझा के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ़्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कैण्ट पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-0012/2025 धारा 293,125,223 बी0एन0एस0 व 5/15 पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विवरण पूछताछ- अभियुक्त कृष्णानन्द गुप्ता ने पूछताछ करने पर बताया कि हमारी दुकान के बाहर जो यह सफेद रंग की बोरी है, इसमें प्रतिबंधित चायनीज मांझा रखा हुआ है और यही से हम इस फुटकर मांझा व पतंग को बेचते है तथा कभी-कभी आस-पड़ोस के गली मोहल्ले में भी अधिक मुनाफा कमाने के लिए घूम-घूम कर इसको बेचते हैं।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

कृष्णानन्द गुप्ता पुत्र रामप्यारे गुप्ता निवासी एस 15/19 घौसाबाद नदेसर जनपद वाराणसी, उम्र करीब 50 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- घौसाबाद नदेसर थाना कैण्ट वाराणसी से, दिनांक-03.01.2025 को समय करीब 21.20 बजे।

बरामदगी का विवरण- कुल 06.300 कि0ग्रा0 प्रतिबन्धित चाईनीज मांझा बरामद।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 0012/2025 धारा 293,125,223 बीएनएस व 5/15 पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 थाना कैण्ट कमि0 वाराणसी।

<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1. उ0नि0 विकास सिंह थाना कैण्ट कमि0 वाराणसी ।
2. प्रशि0उ0नि0 अंकित कुलश्रेष्ठ थाना कैण्ट कमि0 वाराणसी ।
3. प्रशि0उ0नि0 आशुतोष कुमार थाना कैण्ट कमि0 वाराणसी ।
4. प्रशि0उ0नि0 शान्तनु मिश्रा थाना कैण्ट कमि0 वाराणसी ।
5. हे0का0 दिनेश कुमार यादव थाना कैण्ट कमि0 वाराणसी ।
6. का0 नागेन्द्र कुमार थाना कैण्ट कमि0 वाराणसी ।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।